**अंकन योजना**

**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**

**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2023**

**कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002**

**प्रश्न पत्र कोड 3/2/1, 2, 3**

## सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए, अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा-व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन-योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं और/या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य-परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य-परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग **बाईं** ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।


ZOLLEGE.in

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।


ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>छठ इस संसार ...................................... भविष्य भी है। | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – सूर्य षष्ठी ................................. जाता है?<br>उत्तर – (a) भगवान सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'वही उगेगा, ................................. का आशय है :<br>उत्तर – (c) असफलताओं का भी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान होता है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – ताप के अतिरिक्त ................................. क्यों है?<br>उत्तर – (c) निरोगी जीवन के लिए | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – कोरोना वायरस के ................................. विश्वास था?<br>उत्तर – (b) सूर्य के बढ़ते ताप से कोरोना वायरस नष्ट हो जाएगा। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'अक्षय ऊर्जा' से ................................. अभिप्राय है?<br>उत्तर – (a) ऊर्जा का ऐसा स्रोत जो कभी नष्ट न हो। | 1 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक को ध्यान से पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : – | 5x1=5 |
| | I | I | I | सँभलो कि सुयोग न जाय चला, ................................ करो मन को। | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – प्रस्तुत पद्यांश में ................................ किया गया है?<br>उत्तर – (c) मन को आशान्वित रखने हेतु | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'पथ आप ................................ का आशय है :<br>उत्तर – (c) जीवन का मार्ग स्वयं बनाएँ | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – पद्यांश में ................................ पंक्ति है :<br>उत्तर – (d) मरणोत्तर गुंजित गान रहे | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – पद्यांश में किन ................................ माना गया है?<br>उत्तर – (c) मनोवांछित वस्तुओं को | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'प्रभु ने तुमको ................................ प्रेरणा देता है?<br>उत्तर – (b) परिश्रम करने के लिए | 1 |
| | अथवा | अथवा | अथवा | | |
| 2 | 2<br>II | 1<br>II | 2<br>II | इतनी साधारण चीज़ें ................................ ठहरा हुआ था। | |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – प्रस्तुत ................................ केंद्रित है?<br>उत्तर – (b) स्मृतियों | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – वहाँ मौजूद ................................ लिखिए :<br>उत्तर – (b) केवल (ख) | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – ''तब शायद ................................ आशय है :<br>उत्तर – (a) निराशा | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – कथन (A) और ................................ चली गई थीं।<br>उत्तर – (a) कथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – घड़ियों में समय ................................ क्योंकि :<br>उत्तर – (b) अतीत के उस काल खंड की स्मृतियाँ ठहरी हुई हैं। | 1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – स्तंभ I और ................................ चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (c) (II), (III), (I) | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र .......................... को चुनिए :<br>उत्तर – (d) कथन (क), (ख) और (ग) सही हैं। | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (iii) | – | – | प्रश्न – 'वे दिल्ली में .................................. सरल वाक्य होगा :<br>उत्तर – (d) उनके दिल्ली में बीमार रहने का पता नहीं चला। | 1 |
| | (iv) | – | – | प्रश्न – 'वे अपने अभिन्न मित्र ....................... मिश्र वाक्य होगा :<br>उत्तर – (a) जो उनके अभिन्न मित्र थे उन्हें वे उन चिट्ठियों को दिखाते थे। | 1 |
| | (v) | – | – | प्रश्न – 'बहुत सुंदर है ................................ संयुक्त वाक्य होगा :<br>उत्तर – (a) मेरी जन्मभूमि रेम्सचैपल है और वह बहुत सुंदर है। | 1 |
| | – | (iii) | – | प्रश्न – 'मूर्ति की आँखों पर ........................... सरल वाक्य होगा।<br>उत्तर – (d) बच्चों द्वारा बना लिया जाने वाला सरकंडे का छोटा-सा चश्मा मूर्ति की आँखों पर था। | 1 |
| | – | (iv) | – | प्रश्न – 'थोड़ी देर में .................................. मिश्र वाक्य होगा :<br>उत्तर – (a) क्योंकि हमें घूमन जाना है इसलिए हम थोड़ी देर में समुद्र तट पर जाएँगे। | 1 |
| | – | (v) | – | प्रश्न – 'आजकल लोग ................................ संयुक्त वाक्य होगा :<br>उत्तर – (b) आजकल लोग पापड़ बनाते हैं और मशीन से सुखाते हैं। | 1 |
| | – | – | (iii) | प्रश्न – 'जब कालिदास ................................ सरल वाक्य होगा :<br>उत्तर – (d) कालिदास के लिखते समय मुख्य भाषा संस्कृत थी। | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | – | 3 (iv) | प्रश्न – 'खीरा लज़ीज़ होता .............................. मिश्र वाक्य होगा :<br>उत्तर – (c) वैसे तो खीरा लज़ीज़ होता है पर साथ ही सकील भी। | 1 |
| | – | – | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों .......................... संयुक्त वाक्य है?<br>उत्तर – (c) सत्य प्रकाश जी ने उनको अंतिम प्रणाम किया और उनकी देह कब्र में उतार दी गई। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'ऋतुराज ने स्त्री-जीवन ......................... में रूप होगा :<br>उत्तर – (b) ऋतुराज द्वारा स्त्री-जीवन को अपनी कविताओं का केंद्र बनाया गया। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित में से कौन-सा ............................ नहीं है?<br>उत्तर – (d) बालगोबिन भगत द्वारा अपने खेत में रोपनी की गई। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में से कौन-सा ............................ नहीं है?<br>उत्तर – (a) बच्चों से किताब पढ़ी गई। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'चलो, चला जाए।' ................................. होगा :<br>उत्तर – (a) चलो, चलं। | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित में से ............................ छाँटकर लिखिए :<br>उत्तर – (a) तुम वहाँ क्यों जाते हो? | 1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों में से किन्हीं **चार** के पद-परिचय के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'वह खिड़की ................................ पद-परिचय होगा :<br>उत्तर – (d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया-देखना | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – थोड़ा दूध ले आओ! .......................... पद परिचय होगा:<br>उत्तर – (d) पहला थोड़ा - अनिश्चित परिमाणवाची विशेषण<br>दूसरा थाड़ा – अनिश्चित परिमाणवाची क्रियाविशेषण | 1 |
| | (iii) | – | – | प्रश्न – 'दो-तीन बार ................................. पद-परिचय होगा :<br>उत्तर – (a) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य, 'वे' कर्ता की क्रिया | 1 |
| | (iv) | – | – | प्रश्न – कलकत्ता शहर ................................. पद-परिचय होगा :<br>उत्तर – (b) कलकत्ता – व्यक्तिवाचक संज्ञा; एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक | 1 |
| | (v) | – | – | प्रश्न – सावधान! तेज़ ................................. पद-परिचय होगा –<br>उत्तर – (c) विस्मयादिबोधक अव्यय, चेतावनीसूचक | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | (iii) | – | प्रश्न – 'बच्चे स्कूल से ................................. का परिचय है :<br>उत्तर – (a) सकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य | 1 |
| | – | (iv) | – | प्रश्न – निम्नलिखित में से ................................. सभी भेद हैं?<br>उत्तर – (c) सुंदर, नमकीन, किसी, पाँच किलो, दो दर्जन | 1 |
| | – | (v) | – | प्रश्न – वाह! तुमने क्या ................................. पद-परिचय है –<br>उत्तर – (b) विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्षसूचक | 1 |
| | – | – | (iii) | प्रश्न – वहीं बीमार पड़े और ............................. पद-परिचय है :<br>उत्तर – (a) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन (आदरार्थ), कर्तृवाच्य | 1 |
| | – | – | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित में से ................................ तीनों भेद हैं?<br>उत्तर – (b) आसमान, गाय, हिमालय, उदासी, तिस्ता, नदी | 1 |
| | – | – | (v) | प्रश्न – ओह! कैसा ................................. पद-परिचय है :<br>उत्तर – (a) विस्मयादिबोधक अव्यय, शोकसूचक | 1 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | 4x1=4 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (i) | – | – | प्रश्न – 'गर्भन्ह के अर्भक ................................ अलंकार है :<br>उत्तर – (b) अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – 'उठ रहा धुआँ, ................................ अलंकार है :<br>उत्तर – (d) मानवीकरण अलंकार | 1 |
| | (iii) | – | – | प्रश्न – ''मानो माई ................................ प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (c) उत्प्रेक्षा अलंकार | |
| | (iv) | – | – | प्रश्न – ''जो रहीम गति ................................ प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (a) श्लेष अलंकार | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित में से ............................ उत्प्रेक्षा अलंकार है?<br>उत्तर – (c) मानो झूम रहे हों तरू भी मंद पवन के झोंकों से। | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – 'मेरी भवबाधा ................................ का प्रयोग हुआ है :<br>उत्तर – (c) श्लेष अलंकार | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'देखि रूप लाचन ................................ अलंकार है :<br>उत्तर – (a) उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| | – | (iii) | – | प्रश्न – 'एक बित्ते के ................................ प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (d) मानवीकरण अलंकार | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (iv) | – | प्रश्न – "धनुष उठाया ................................... प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (b) अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| | – | – | 6<br>(i) | प्रश्न – "बहुत काली ................................ प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (a) उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – "बाण नहीं पहुँचे .......................... प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (b) अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| | – | – | (iii) | प्रश्न – "उषा सुनहले ............................ कौन-सा अलंकार है :<br>उत्तर – (b) मानवीकरण अलंकार | 1 |
| | – | – | (iv) | प्रश्न – "जो घनीभूत .................................. प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (c) श्लेष अलंकार | 1 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>चलते ही मैं दो-एक ............................... लगा सकता है भला? | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – कॉलिज से प्रिंसिपल का .............................. कारण था :<br>उत्तर – (b) लेखिका के कारण पिंसिपल के सामने लज्जित होने की आशंका | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – लेखिका पड़ोस की .................................. बैठ गई?<br>उत्तर – (d) पिता के कोप से बचने के लिए। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'गुबार निकल जाए, .................................. का अर्थ है :<br>उत्तर – (c) क्रोध शांत होने पर बुलाना | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – कॉलिज से लौटने .................................. का कारण था :<br>उत्तर – (a) कॉलिज की लड़कियों पर पुत्री का बढ़ता प्रभाव | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'यह तो पूरे देश .................................. संकेत करती है :<br>उत्तर – (c) देश की तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियों को | 1 |
| 8 | 8 | 10 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा' ....................... अनुमान नहीं लगाया?<br>उत्तर – (d) वह भारतीय सेना का भूतपूर्व सिपाही रहा होगा इसलिए उसका एक पैर भी नहीं है। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ के .................................. नहीं है, वह :<br>उत्तर – (a) न सभ्यता है और न संस्कृति | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान ..................... दंतुरित मुस्कान। | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – काव्य में ................................ गई है?<br>उत्तर – (d) (क), (ख) और (ग) सभी | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – कवि ने नवजात ................................. की है?<br>उत्तर – (a) कमल के पुष्पों से | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – ''कवि को बच्चा ................................. व्यक्त हुआ है?<br>उत्तर – (b) तुम मुझे पाए नहीं पहचान? देखते ही रहोगे अनिमेष! | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – प्रस्तुत काव्यांश .................. भाव है :<br>उत्तर – (b) वात्सल्य | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'शेफालिका' के ................................. होती है?<br>उत्तर – (d) हल्की हवा से भी झरने लगते हैं। | 1 |
| 10 | 10 | 8 | 10 | प्रश्न – पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – जयशंकर प्रसाद अपनी ................................. चाहते हैं?<br>उत्तर – (d) विनम्र स्वभाववश स्वयं को सामान्य मानव मानते हैं। | 1 |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – कवि के अनुमानों .................................. में नहीं करता।<br>उत्तर – (d) मुख्य गायक के बेटे के रूप में | 1 |
| | | | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ की .................................. स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• पाँचों समय की नमाज में सच्चा सुर माँगना।<br>• अस्सी बरस की उम्र में भी शहनाई का रोजाना रियाज़। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – लेखक की आँखों से .................................. शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br>• कार्तिक से फागुन तक बहुत सवेरे स्नान के बाद तालाब के किनारे मिट्टी के ऊँचे टीले पर कबीर के पद गाना<br>• माघ महीने की सुबह कोहरा छाए होने पर भी कुश की चटाई पर पूरब की ओर मुँह करके, काला कंबल आढ़े हुए खंजड़ी बजाकर गाना<br>• गाने की उत्तेजना से माथे पर पसीने की बूँदें झलकना। | 2 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 11 | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा' पाठ ................................ स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• देश के शहीदों के प्रति आदर की अभिव्यक्ति<br>• अकेला व्यक्ति भी देशभक्ति का कार्य कर सकता है।<br>• एक छोटा-सा कार्य भी देशभक्ति का परिचायक होता है।<br>• सरकंडे का चश्मा अर्थात भावी पीढ़ी के मन में देशभक्ति की भावना का प्रस्फुटन | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ के आधार ................................ साबित कीजिए।<br>उत्तर –<br><u>आज के विद्यार्थी न्यूटन के मुकाबले</u> –<br>• अधिक सभ्य<br>• अनेक नई बातों का ज्ञान ;<br>(प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| 12 | 12 | 12 | 12 | प्रश्न – पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – 'सूरदास' के पद के .......................... बताना चाहती हैं।<br>उत्तर –<br>• प्रेम की एकनिष्ठता | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • कृष्ण के प्रति पूर्ण समर्पण<br>• कृष्ण : एकमात्र सहारा<br>• मन, वचन और कर्म से कृष्ण का ध्यान<br>• सोते-जागते, स्वप्न में कृष्ण को याद करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – आपके पाठ्यक्रम में .................................. उल्लेख हुआ है।<br>उत्तर –<br>– 'अट नहीं रही है' ;<br>– कवि के मनोभाव –<br>• फागुन क प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाना<br>• मन को कल्पनाओं के पंख लगना<br>• सौंदर्य से तृप्त न होना / मन न भरना | ½ +1½ =2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'लक्ष्मण की बातें परशुराम .................................. की पुष्टि कीजिए।<br>उत्तर – लक्ष्मण द्वारा बार-बार उकसाने वाली बात –<br>• हमने बचपन में ऐसे कई छोटे धनुष तोड़े हैं।<br>• भृगु का पत्र समझकर व जनेऊ देखकर आपकी बातों को सह रहे हैं।<br>• पुराने धनुष के टूट जाने से क्या लाभ, क्या हानि।<br>• आपके बार-बार फरसा दिखाने से यहाँ कोई भयभीत नहीं होगा | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • किसी को मारने के लिए आपकी कठोर बातें ही काफी हैं। व्यर्थ में ही आपने शस्त्र धारण किया है।<br>• वीर युद्ध में वीरता दिखलाते हैं जबकि कायर अपने मुँह अपनी बड़ाई करते हैं।<br>• माता-पिता के ऋण से तो आप मुक्त हो चुके ह, गुरु का कितना ऋण बाकी है, बताइए, मैं थैली खोलता हूँ।<br>(संदर्भगत अन्य उपयुक्त उदाहरणों पर भी अंक दिए जाएँ)<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – " 'संगतकार' जैसे ................................. टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>• संगतकार को मुख्य गायक के समान श्रेय नहीं मिलता है।<br>• समाज में मुख्य गायक की पहचान, प्रसिद्धि अधिक होती है।<br>• संगतकार पृष्ठभूमि में ही रह जाता है।<br>(संदर्भगत स्वतंत्र टिप्पणी स्वीकार्य) | 2 |
| | – | 12 (क) | – | प्रश्न – 'ऊधौ, तुम हौ .............................. का वर्णन हुआ है?<br>उत्तर –<br>• प्रेम, एकनिष्ठ समर्पण<br>• श्रीकृष्ण स दूरी स्वीकार्य नहीं<br>• विवशता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

<table>
<tr><th rowspan="2">प्रश्न</th><th colspan="3">प्रश्न पत्र गुच्छ सं.</th><th rowspan="2">उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु</th><th rowspan="2">अंक और अंक - विभाजन</th></tr>
<tr><th>1</th><th>2</th><th>3</th></tr>
<tr><td></td><td>–</td><td>12 (ख)</td><td>–</td><td>प्रश्न – 'इहाँ कुम्हड़बतिया ................................... क्या तर्क दिया?<br>उत्तर –<br>• सभा में कोई भी कमजोर नहीं है, डरने वाला नहीं है।<br>• परशुराम किसी मुनि की तरह नहीं बल्कि योद्धा की तरह दिखाई दे रहे हैं।</td><td>1+1=2</td></tr>
<tr><td></td><td>–</td><td>(ग)</td><td>–</td><td>प्रश्न – 'उत्साह' एवं 'अट ................................ को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br><u>उत्साह</u> –<br>• क्रांति-चेतना और परिवर्तन<br>• बादल से गरजने का अनुरोध<br>• बादल क्रांतिदूत<br>• प्रकृति के उग्र रूप का वर्णन<br><u>अट नहीं रही है</u> –<br>• प्रकृति के शांत व सौम्य रूप का वर्णन<br>• वसंत का सुंदर चित्र<br>• खिले हुए रंग-बिरंगे फूल, नए लाल हरे पत्ते<br>• सुवासित हवा<br>(उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर भी स्वीकार्य)</td><td>1+1=2</td></tr>
<tr><td></td><td>–</td><td>(घ)</td><td>–</td><td>प्रश्न – 'संगतकार' मुख्य गायक ............................ से करता है?<br>उत्तर –<br>• गायन में साथ देना<br>• उसका उत्साह बढ़ाए रखना</td><td></td></tr>
</table>



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • अकेलेपन का अहसास न होने देना<br>• अनहद में खो जाने पर स्थायी को सँभाले रखना | 2 |
| | – | – | 12 (क) | प्रश्न – ''ऊधौ, तुम हौ ................................ को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• कृष्ण रूपी प्रीति-नदी के पास रहकर भी उसके स्पर्श से अछूते रहना<br>• कमल का पत्ता जल में रहकर भी जल से अछूता<br>• तेल को गागर जल में रहते हुए भी जल से अछूती<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – इस वर्ष पाठ्यक्रम ................................ शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br>– उत्साह ;<br>• गरजने का<br>• क्रांति-चेतना का<br>• शोषित-पीड़ित जनता की आकांक्षा की पूर्ति का<br>• नवजीवन, नवनिर्माण का<br>• बेचैन और अनमने लोगों का कष्टों / अन्याय से मुक्ति दिलाने का<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | ½ +1½ =2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद ........................ उत्तर दीजिए।<br>उत्तर – <u>कारण</u> – | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • शिव-धनुष टूटना;<br>माँग - शिव-धनुष तोड़ने वाला अपराधी सभा से अलग होकर सामने आ जाए।<br>(पश्न के अंतिम भाग के लिए तर्कपूर्ण उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>उचित – शिव उनके गुरू थे, उनके धनुष को तोड़ने के कारण उत्पन्न क्रोध सात्विक<br>अनुचित – शिव-धनुष के टूटने के कारणों को जाने बिना धमकी देना | ½+½+1=2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – संगतकार की मनुष्यता ......................... संगत उत्तर दीजिए।<br>उत्तर –<br>• स्वयं को जानबूझ कर पीछे रखना<br>• मुख्य गायक की सहायता करना<br>• अपने स्वर को ऊँचा न उठाना<br>(प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए तर्कपूर्ण उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>सहमत – संगतकार कुशल होते हुए भी मुख्य गायक से होड़ नहीं करता है, अपने आप को पीछे रखता है।<br>असहमत – संगतकार का कार्य ही साथ देना है, वह मनुष्यता की बात नहीं, बस अपना कार्य अच्छे से कर रहा है।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 13 | 13 | 13 | 13 | प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | 2x4=8 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – " 'साना-साना' हाथ ............................ प्रकाश डालिए।<br>उत्तर – प्राकृतिक चित्रण –<br>• चाय के बागान, पहाड़ों के दृश्य, रंग-बिरंगे फूलों से घिरी घाटियाँ, धुंध और बर्फ़ से ढके पहाड़, झरने और नदियों का सौंदर्य<br>• बादलों से ढका आसमान<br>• पल-पल परिवर्तित हिमालय<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>आंतरिक यात्रा –<br>• बार-बार खुद में डूब जाना<br>• तामसिकताओं, इंद्रियों से मुक्ति<br>• पूरे देश में आस्थाओं, मान्यताओं, रीतियों आदि में एकरूपता का विचार<br>• प्रकति के साथ मनुष्य के संबंधों पर विचार<br>• प्रकृति की विराटता के सम्मुख मनुष्य का क्षीण अस्तित्व<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – किसी एक रचनाकार ............................. स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – प्रेरणा –<br>• किसी दूसरे को जानकर, किसी की रचना पढ़कर<br>• किसी के व्यक्तित्व की चुनौतियों से सीखकर | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के संदर्भ में –<br>• लेखक की रचना प्रक्रिया को समझकर<br>• जीवन के अनुभव, संघर्षों से प्रेरित होकर | 4 |
| 13 | 13 (ग) | – | – | प्रश्न – आज हमारा जीवन ................................. उत्तर दीजिए।<br>उत्तर – (अनुभव आधारित उपयुक्त सझाव अपेक्षित)<br>उदाहरणार्थ –<br>• तकनीक का समुचित उपयोग<br>• स्क्रीन से दूरी<br>• प्राकृतिक परिवेश का आनंद उठाने के लिए अवसर देना<br>• माता-पिता द्वारा पर्याप्त समय दिया जाना<br>• प्राकृतिक खिलौने<br>• सामाजिकता<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1+1= 4 |
| – | 13 (क) | – | | प्रश्न – " 'साना-साना' हाथ ............................ कर सकते हैं?<br>उत्तर –<br>'डार्करूम' –<br>• आपाधापी से भरा जीवन<br>• प्रकृति से दूर<br>• महानगरीय जीवन का दबाव और तनाव<br>• छोटे-छोटे घरों में सिमटा जीवन<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | <u>प्रयास</u> –<br>• प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण<br>• प्राकृतिक परिवेश की स्मृतियों को संजोना<br>• बागवानी द्वारा प्रकृति का सामीप्य<br>• बाग-बगीचों की सैर<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>(प्रश्न के अंतिम भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br><u>उदाहरणार्थ</u> –<br>• महानगरों में हरित क्षेत्र की वृद्धि एवं संरक्षण<br>• सुनियोजित विकास<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1+2=4 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ .......................... वर्णन कीजिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br><u>उदाहरणार्थ</u> –<br>• बचपन में भोलानाथ की माँ द्वारा उसे नहलाना, तेल लगाकर चोटी बनाना; बचपन में मेरी माँ भी मुझे तैयार करती थी।<br>• भोलानाथ के खेलों में पिता का शामिल होना; मेरे पिता के पास समय का अभाव है। | 2+2=4 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'मैं क्यों लिखता ................................. किया हो, लिखिए।<br>उत्तर –<br>• आंतरिक विवशता, भीतर की तड़प से मुक्ति पाने का प्रयास<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br><u>उदाहरणार्थ</u> – | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • कोरोना के दुष्प्रभाव की घटना<br>• अन्य पारिवारिक / सामाजिक घटनाएँ | 1+3=4 |
| | – | – | 13 (क) | प्रश्न – " 'साना-साना' हाथ ................................. दे सकते हैं?<br>उत्तर –<br>– हिमालय के ग्लोशियर, बर्फ़ से ढ़के पहाड़ों को ;<br>– सर्दियों में बर्फ़ के रूप में जल-संग्रह करना<br>• गर्मियों में पिघली हुई बर्फ़ से जल देना<br>• आवश्यकतानुसार स्वंय को बदलना प्रकृति की अनूठी व्यवस्था है।<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>– (प्रश्न के तीसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>प्रतिदान -<br>• प्रकृति की सुरक्षा, संरक्षण<br>• प्रदूषण न फैलाना | 1+1+2=4 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'माता का अँचल' ................................ बदलाव आए हैं।<br>उत्तर – विशेषताएँ : –<br>• मिलजुल कर रहना<br>• खेती आदि पर निर्भरता<br>• एक-दूसरे का सहयोग<br>• खेलगीत / तुकबंदी | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • प्राकृतिक परिवश<br>• बालकों की समुदाय द्वारा निगरानी<br>• पारंपरिक खेल<br><br>आज के बदलाव - (प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>• गाँवों में भी वैयक्तिकता का बढ़ना<br>• सामाजिकता में परिवर्तन, मेलजोल में कमी, तकनीकी खेल | 2+2=4 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'मैं क्यों लिखता हूँ' ................................. सकते हैं?<br>उत्तर –<br>– लेखन के व्यक्ति आधारित अनेक उद्देश्य हो सकते हैं।<br>• जीवन के विभिन्न स्तरों से संबंधित उद्देश्यों को संक्षेप में बाँधना कठिन है।;<br>– लेखन प्रक्रिया, रचनाशीलता, उसकी चिंताएँ / दृष्टि, स्वयं के उद्देश्यों का निर्धारण<br>(अन्य उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर भी स्वीकार्य) | 2+2=4 |
| 14 | 14 | 17 | 14 | प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए: | 6 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (क) | (क) | (क) | मेरे सपनों का देश | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | ऑनलाइन शिक्षा और .................................. आवश्यकताएँ | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | दूर के ढोल सुहावने लगते हैं | |
| | | | | उत्तर – | |
| | | | | **अनुच्छेद-लेखन**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | |
| | | | | **विशेष निर्देश** :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 15 | 15 (क) अथवा (ख) | 14 (क) अथवा (ख) | 15 (क) अथवा (ख) | आप मानव कुमार / मानसी ...................... ध्यान आकर्षित कीजिए।<br><br>आप लक्षिता / लक्ष्य है ................................. एक पत्र लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**<u>पत्र-लेखन</u>**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u> :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/2/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 16 | 16 (क) | 15 (क) | 16 (क) | सौंदर्य उत्पाद बनाने ..................................स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**स्ववृत्त-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर प्रे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| | अथवा (ख) | अथवा (ख) | अथवा (ख) | आपका नाम शाश्वत/शाश्वती ........................ की माँग भी कीजिए।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई-मेल –**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 17 | 17 (क) | 16 (क) | 17 (क) | स्वच्छता के प्रचार-प्रसार .................................. में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**विज्ञापन-लेखन**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• विज्ञापन लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा (ख) | अथवा (ख) | अथवा (ख) | आपका नाम सीमा पटेल / महेश ............................ संदेश लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**संदेश-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |



ZOLLEGE.in